वेणु राजामणि
राष्ट्रपति के प्रेस सचिव
*Venu Rajamony*
*Press Secretary to the President*

सत्यमेव जयते

राष्ट्रपति सचिवालय,
राष्ट्रपति भवन,
नई दिल्ली - 110004
*President's Secretariat,*
*Rashtrapati Bhavan,*
*New Delhi - 110004*

# MESSAGE

The President of India, Shri Pranab Mukherjee, is happy to know that the Indian Farmers Fertiliser Cooperative Limited (IFFCO) is organising the 27th Jawaharlal Nehru Memorial IFFCO Lecture as well as presentation of IFFCO 'Sahakarita Ratna and Sahakarita Bandhu' Awards on November 20, 2014 at New Delhi.

The President extends his warm greetings and felicitations to the organisers, participants and the awardees and sends his best wishes for the success of the events.

Press Secretary to the President

R. V.

Tel. : +91-11-23016535 (Direct), 23015321 Extn 4322, Fax 23794498, E-mail-press.secy@rb.nic.in, presssecyrb@gmail.com

Phones : 23019080

INDIAN NATIONAL CONGRESS

ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE
24, AKBAR ROAD, NEW DELHI - 110 011

Sonia Gandhi
President

## Message

It gives me great pleasure to learn that the 27th Jawaharlal Nehru Memorial IFFCO Lecture is being organized on 20th November. It is befitting that the distinguished writer and literary critic Dr. Namvar Singh will deliver the talk this year.

My felicitations to IFFCO for the lecture series, since 1983, which recalls the vision and ideals of our first Prime Minister. Pandit Jawaharlal Nehru was a champion of the cooperative movement. He saw in the collective ventures of small farmers and producers a potent means to their empowerment.

IFFCO has been a beacon of progress for Indian agriculture with an exemplary commitment of service and quality products to millions of farmers. The horizons of production opened up by IFFCO have in great measure enhanced the capacity of small cultivators to raise farm productivity and compete effectively in the marketplace.

I convey my best wishes for the success of the 27th Jawaharlal Nehru Memorial IFFCO Lecture. I must congratulate the eminent cooperators being honoured with the *Sahkarita Ratna* and *Sahkarita Bandhu* awards. My compliments to Dr. Awasthi and his dedicated team at IFFCO for organizing this programme.

Sonia Gandhi

New Delhi
30 October 2014

10, JANPATH, NEW DELHI - 110 011 PHONES : 23014481, 23015584 FAX : 23018651

# 27 वाँ th

# जवाहरलाल नेहरू स्मारक इफको व्याख्यान
# Jawaharlal Nehru Memorial IFFCO Lecture

## भाषा, साहित्य और संस्कृति
## Language, Literature and Culture


वक्ता / Speaker

प्रोफेसर नामवर सिंह

विशिष्ट लेखक एवं समालोचक

Professor Namwar Singh

Distinguished Author & Critic


20 नवम्बर, 2014

20 November, 2014

# भाषा, साहित्य और संस्कृति

– प्रो० नामवर सिंह

माननीय अध्यक्ष श्री बी एस नकई जी, प्रबंध निदेशक डा0 उदय शंकर अवस्थी जी, इफको परिवार के सदस्यगण, और अतिथि जन !

जवाहरलाल नेहरु स्मारक इफको व्याख्यान के लिए मुझे आमंत्रित करके इफको ने जो सम्मान दिया है उसके लिए हार्दिक आभार। इस व्याख्यान माला के अंतर्गत सम्भवतः हिंदी में यह पहला व्याख्यान है। नेहरु जी ने अपनी तीनों पुस्तकें 'मेरी कहानी', 'भारत की खोज' और 'विश्व इतिहास की झलक' मूलतः अंग्रेजी में लिखी थी, लेकिन जनता को वे प्रायः हिंदी में ही सम्बोधित करते थे। कई वर्ष पहले अपने गांव के पास के कमालपुर नामक कस्बे की एक जनसभा में मैंने उन्हें हिंदी में ही भाषण करते सुना था ।

जवाहरलाल एक तरह से साहित्यकार भी थे। नई दिल्ली में अवस्थित साहित्य अकादमी की पहली जनरल कौंसिल ने सर्वसम्मति से उन्हें अध्यक्ष चुना था और देश की सभी भाषाओं के प्रतिनिधि साहित्यकारों की भावनाओं का सम्मान करते हुए पंडित जी ने अकादमी की अध्यक्षता स्वीकार कर ली थी ।

दरअस्ल भाषा तो अपनी पहचान है– मनुष्य की ही नहीं, प्राणिमात्र की भी, जिसमें पशु–पक्षी से लेकर समूची मानव जाति शामिल है । इस प्रसंग में हिंदी का वह दोहा याद आता है –

**''देखत में दोउ एक हैं, जब तक बोलैं नाहिं**
**जान परत हैं काक–पिक रितु वसंत के माहिं''**

# ‘Language, Literature and Culture’

- Professor Namwar Singh

Respected Shri B.S. Nakaiji, Chairman IFFCO, Dr Udai Shankar Awasthiji, Managing Director, members of IFFCO family and guests, at the outset let me express my sincere gratitude to IFFCO for inviting me to deliver Jawaharlal Nehru Memorial IFFCO Lecture. This is perhaps the first lecture in Hindi in the series. Pandit Nehru with whose name this lecture is associated had written his books *My Story, The Discovery of India and Glimpses of World History* but he often used to address people in Hindi. Many years ago I had seen him speaking in Hindi at Kamalpur near my village. Moreover, he was a literary person, he was elected unanimously as the President of Sahitya Akademi. He had accepted the position as a mark of respect for the feelings of the representatives of Indian languages.

The fact, is that language constitutes human identity, not only of humanity but of all beings including all species, human, birds and animals. In this context I am reminded of a famous Hindi doha -

*"dekhat mein dou ek hain, jab tak bolain nahin*
*Jan parat hain kak-pik ritu vasant ke mahin"*

Cuckoo and Crow are look alikes but at the onset of spring when cuckoo sings, their differences become apparent. When Cuckoo and Crow can be differentiated with their voices then what to talk of humans?

कोयल और कौवे दोनों देखने में एक ही से दिखाई पड़ते हैं लेकिन वसंत ऋतु आने पर जब कोयल कूकने लगती है तो दोनों के बीच का फर्क साफ हो जाता है। गरज़ कि जब कौवे और कोयल का फर्क उनके बोलते ही साफ हो जाता है तो फिर मानव प्राणी की बात ही क्या ?

क्या विडम्बना है कि राजभाषा के रूप में हिंदी को स्वीकार कर लेने के बाद भी सिविल सर्विस की परीक्षा में हिंदी को एक विकल्प के रूप में स्वीकार करने के लिए प्रत्याशियों को महीनों तक लम्बा संघर्ष करना पड़ा और फिर भी कामयाबी नहीं मिली। जहां तक मुझे याद है, तीन दशक पहले आयोग ने बिना किसी आंदोलन के ही इस परीक्षा में हिंदी का प्रावधान कर दिया था ।

यह एक विडम्बना नहीं तो और क्या है कि इस देश पर एक लम्बे अरसे तक राज करने वाली अंग्रेज जाति इस बात को समझती थी जबकि स्वयं अपनी सरकार इसे समझने से इनकार कर रही है। सभी नहीं तो आप लोगों में से कुछ लोगों ने जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन का नाम सुना होगा। ग्रियर्सन कई वर्षों तक बिहार में कमिश्नर रहे। तब की भारत सरकार ने उन्हें भारत की भाषाओं के सर्वेक्षण का उत्तरदायित्व सौंपा और उन्होंने गाँवों के पटवारियों से लेकर ऊंचे अफसरों तक को आदेश दिया कि वे अपने–अपने इलाके में बोली जाने वाली बोलियों और भाषाओं के नमूने एकत्र करके उनके कार्यालय में भेजें। इस तरह वर्षों फील्डवर्क के जरिये एकत्रित सामग्री का विधिवत सम्पादन करके ग्रियर्सन ने लिंग्विस्टिक सर्वे आफ़ इंडिया (भारतीय भाषा सर्वेक्षण) नामक विशाल ग्रन्थमाला तैयार की। यह ग्रंथराशि भारत सरकार के शास्त्री भवन के पुस्तकालय की एक अलमारी में सुरक्षित है।

What an irony it is that despite Hindi being recognised as the Rajbhasha, students had to struggle for months, though in-vain, on the issue of allowing Hindi as an alternative language in the civil services exams. So far as I remember UPSC had made a provision for Hindi medium, three decades ago on its own without any agitation from any quarter.

Ironically the English race that ruled us for long understood it but our own government does not. Most of you would have heard the name of Sir George Abraham Grierson who served as Commissioner for long in Bihar. The then Government of India had entrusted him the responsibility of conducting the Survey of Indian languages. He had asked officials-from the village Patwaris to officials at the top—to collect samples of languages and dialects and send them to his office. With field work of many years he edited the collected materials and prepared multi-volume known as the Linguistic Survey of India. It is available in Library of Shastri Bhavan of Government of India.

Post Independence, the Government of India was requested by linguists of the country time and again to conduct linguistic survey so that the present linguistic status in the country may be ascertained. In the intervening period many reports were prepared in various Five Year Plans but no record of the state of Indian languages is available with us. For that matter a few movements pertaining to languages were launched and a few states on linguistic basis were also formed. The fact remains that the second linguistic survey is still awaited.

स्वाधीनता प्राप्ति के बाद भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय से देश के भाषा वैज्ञानिकों ने एकाधिक बार अनुरोध किया कि ऐसा ही भाषा सर्वेक्षण फिर कराया जाये जिससे भारतीय भाषाओं की वर्तमान स्थिति का पता लगे। इस बीच जाने कितनी पंचवर्षीय योजनाएं बनीं और उनकी रिपोर्टें भी तैयार हुईं लेकिन भारतीय भाषाओं की वर्तमान स्थिति का कोई रिकार्ड उपलब्ध नहीं है ।

वैसे, भाषा के आधार पर इस बीच कुछ आन्दोलन भी हुए और परिणामस्वरूप कुछ राज्य भी बने, लेकिन यह कड़वी सच्चाई है कि भारत का दूसरा भाषा सर्वेक्षण आज तक नहीं हुआ ।

राजभाषा हिंदी के नाम पर, वैसे तो, एक केन्द्रीय समिति भी है, जिसके अध्यक्ष स्वयं प्रधानमंत्री हैं, लेकिन मुद्दत से उसकी कोई बैठक ही नहीं हुई। यह और बात है कि सरकार के कुछ विभाग साल में एक बार हिंदी–दिवस अवश्य मना लेते हैं और इस पर राजभाषा हिंदी में काम करने के लिए कुछ कर्मचारियों को पुरस्कार भी प्रदान कर दिए जाते हैं। दरअस्ल यह एक प्रकार की रस्म अदायगी ही कहलाएगी।

हालत यह है कि हिंदी प्रदेश के राज्यों में वोट तो हिंदी बोलकर हासिल किया जाता है, लेकिन फाइलों पर नोट अक्सर इंग्लिश में ही होते हैं। शायद इसी हकीकत के मद्देनज़र एक बार हिंदी–प्रदेश के राज्यों में यह नारा उछाला गया कि 'जिस भाषा में वोट उस भाषा में नोट'। लेकिन अफसोस की बात है कि अब तो यह नारा भी नहीं सुनायी पड़ता। वैसे, 'हिंदी दिवस' मनाने की रस्म अब भी चालू है। फिलहाल भाषा से जुड़े प्रश्नों से इतने पर ही संतोष करना पड़ेगा। अब साहित्य....

It is known to us that there is a Central Hindi Committee in the name of Rajbhasha with the Prime Minister as its Chairperson. But the Committee has not met for long, though some departments of government celebrate Hindi Diwas every year, and few government servants are awarded for doing their official work in Hindi. This is nothing but a ritual in the name of Hindi.

The irony is that though in Hindi speaking states though votes are sought in the name of Hindi but notes on files are written in English. This reality had perhaps led to the slogan *'Jis Bhasha mein Note, Us bhasha mein Vote'*. Unfortunately, the slogan is not heard these days, the custom of celebrating Hindi Diwas continues.

Now let me move to the question of literature after briefly discussing some issues pertaining to language.

India has had a rich literary tradition. That persuades me to discuss a few aspects of Kalidasa who is an unparalleled poet not only of Sanskrit but also Indian and even world literature. In his play Abhigyan Shakuntalam, the bhramara (black bee) is hovering around the face of Shakuntala without being concerned about anything. Dushyanta sees it from a distance. Kalidas writes:

*'Vayama tattvanveshanmadhukar hatastvam khalu krati'.*

It means that while we busied ourselves considering about different aspects of the flowers, you relished it in the mean time. Here the poet indicates the difference between the terms 'tattvanveshi' and

साहित्य चर्चा का आरंभ ऐतिहासिक दृष्टि से तो आदिकवि वाल्मीकि की 'रामायण' से ही होना चाहिए लेकिन हिंदी के संदर्भ में उसे 'तुलसीदास' के लिए सुरक्षित रखते हुए कवि कुलगुरू कालिदास से ही आरंभ करना समुचित प्रतीत होता है । विशेष रूप से 'सौदर्य' को दृष्टि में रखते हुए ।

हमारे यहां संस्कृत की अत्यंत समृद्धशाली परम्परा रही है। यहाँ मैं केवल कालिदास की चर्चा करना चाहूँगा। कालिदास, संस्कृत के ही नहीं, पूरे भारतीय साहित्य के, बल्कि यूं कहें कि विश्व साहित्य में सौन्दर्य के अप्रतिम कवि हैं। 'अभिज्ञान शाकुन्तलम्' उनका प्रसिद्ध नाटक है। शाकुन्तलम् में भ्रमर निश्चिंत भाव से और बिना कोई विचार किये हुए शकुन्तला के मुखमंडल के चारों ओर मंडराता है और रस लेता है और छिपे हुए दुष्यंत देख रहे हैं। कालिदास लिखते हैं –

**'वयं तत्वानन्वेषान्मधुकर हतास्त्वं खलु कृती'**

यहां तत्वान्वेषी और मधुकर, दोनों के भेद और दोनों के भाग्य के अन्तर की ओर संकेत किया गया है। इसका राजा लक्ष्मणसिह ने बड़ा अच्छा अनुवाद किया है:

**'हम जातिहिं पाँति विचारि मरे, धनि रे धनि भौंर कहावत तू' ।**

शकुन्तला के बारे में दुष्यंत तो यह सोच रहे हैं कि न जाने यह किस जाति की कन्या है, इससे प्रेम करना कहाँ तक ठीक है, इसे अपनी पत्नी बनाना कहां तक उचित है। जाति–पाँति का यह विचार ही तत्वान्वेषण है। वह मधुकर तो कवि स्वयम् ही है और कृती भी। आलोचक के नाते हम तो अभागे हैं, हतभागे हैं।

कालिदास यौवन के सौंदर्य के कवि हैं। यद्यपि वे कम से कम शब्दों का प्रयोग करते हैं लेकिन व्यथा का वह स्वर वहां

‘madhukar’ and the fate of the two. Raja Lakshaman Singh who translated the play into Hindi translated it thus:

*‘Hum jatihin panti vicahri mare, dhani re dhani bhaunr kahavat tu’*.

Dushyanta is thinking about Shakuntala, her race, clan, and caste. Is it proper to fall in love with her or not? It is ‘tattvanveshan’ of clan and caste, *‘Vayama tattvanveshanmadhukar hatastvam khalu krati’*. The poet himself is the *‘madhukar,’* he is the creator himself. Dushyanta is like a critic who is wretched and unfortunate.

Kaildasa is a poet of beauty of youth, and uses words in a miserly manner for his purpose. However, echoes of ache and suffering may be heard even in them. It takes him closer to modern consciousness. Also this tragic sense brings him closer to contemporary life and its experiences than it might appear on the surface.

Let us turn to a few questions. The questions as to who or what created the universe? God, or nature and what is relationship among them demand serious discussion but they are not my concern. My concerns are literature and culture. Literature too is a creation. That’s why literary author who creates with words is called a creator. Here I remember a poem, to be precise a ‘nazm’ in Persian by Allama Iqbal, and is like a challenge to God:

*Tu shab afaridi, chirag afaridi*
*Sifal afaridi, ayag afariddam.*
*Bayaban-o-kuhasar-o-rag afaridi*
*Khayaban-o-gulzar-o-baugh afaridam.*
*Mun anam kehaz sang aeena sazam*

भी गूंजता रहता है । सौंदर्य के गायक होते हुए भी कालिदास कहीं न कहीं उस वेदना, व्यथा और पीड़ा को व्यक्त करते हैं जो उन्हें आधुनिक बोध के निकट ले जाती है। इस ट्रैजिक सेंस के कारण कालिदास अपेक्षाकृत आज के लोगों के अधिक निकट दिखाई पड़ते हैं और उनमें आधुनिक बोध की गूँज सुनाई पड़ती है।

यह दुनिया किसने बनाई? प्रकृति ने या कि मनुष्य ने? जवाब बहस–तलब है और फ़िलहाल वह मेरा सिरदर्द भी नहीं है। दरअस्ल, मेरी चिन्ता के केन्द्र में मुख्यतः साहित्य है – और अन्ततः संस्कृति। साहित्य भी एक तरह से सृष्टि ही है, तभी तो साहित्यकार अपने आपको स्रष्टा कहता है। उसका ख़याल है कि वह शब्दों के द्वारा इसी संसार में एक नया संसार बनाता है–निःसन्देह शब्दों के माध्यम से। प्रसंगवश मुझे मोहम्मद इकबाल की वह नज़्म याद आ रही है, जो फ़ारसी में है। यह नज़्म एक तरह से खुदा को चुनौती–सी है –

**तू शब आफ़रीदी, चिराग़ आफ़रीदम**
**सिफ़ाल आफरीदी, अयाग आफ़रीदम ।**
**बयावान–ओ कुहसार–ओ राग आफ़रीदी**
**ख़याबान–ओ–गुलज़ार–ओ बाग़ आफ़रीदम ।**
**मुन आनम केह अज़ संग आईना साज़म**
**मुन आनम केह अज़ जह्र नौशीना साज़म ।**
**तू दरया–ओ बह्र–ओ सहाब आफ़रीदी**
**सफ़ीना ओ–लहर–ए–सुराग़ आफ़रीदम ।।**

अपनी हिंदी में मोटे तौर से इसे यों कह सकते हैं कि –

**ओ खुदा! तूने रात बनाई, मैंने चिराग बनाया ।**
**तूने मिट्टी बनाई तो मैंने शीशे का प्याला बनाया**
**तूने जंगल बनाया और नंगे पहाड़ और रेगिस्तान।**
**मैंने बनाई हरी भरी घाटियां और फूलों की क्यारियाँ**
**मैं वह हूं जिसने ज़हर से अमृत बनाया ।**

*Mun anam kehaz jahn naushina sazam.*
*Yu dariya-o-bah-sahab afaridi*
*Safina o-lahar-e-surag afaridam.*

*Loosely translated it would read thus:*

*'O God! You made night and a lamp*
*You made clay and goblet of glass*
*You made jungle, naked mountains and deserts*
*I made lush green valleys and rows of flowers.*
*It is I who made elixir from poison.*
*You made river, oceans and clouds, I made ships*
*And established control over waves to reach a destination.'*

Needless to mention it here that it is a challenge to God, and untamed nature from a self-respecting poet. The poet did not spare the British government and wrote quite a few significant poems for the freedom of the country. Let me share a few lines with you:

*'Wo cheez nam hai jiska jahan mein azadi*
*Suni zaroor hai, dekhi kahin nahin maine.*
*Khuda to milata hai, insan hi nahin milata.*
*Ye cheez vah hai ki kahin dekhi nahin maine.'*

I feel tempted to share a few couplets of the poem for which Iqbal is known by all of us. It used to be on the lips of most of Indians for long:

*Sare jahan se achchha, Hindustan hamara*
*Hum bulbulen hai iski ,yeh gulistan hamara.*
*Gurbat mein hon agar hum, rahata hai dil vatan mein*
*Samajho vahin hamein bhi, dil ho jahan hamara.*
*Paravat vo sabse ooncha, hamsaya asman ka*
*Wah santari hamara, wah paswan hamara.*
*Godi mein khelati hain, iski hazaron nadiyan*
*Gulshan hai jiske dam se, raske jina hamara.*
*Mazahab nahin sikhata, apas mein bair rakhana*
*Hindi hain hum, vatan hai Hindusatan hamara.*

**तूने नदियां बनाईं और समुद्र और बादल**
**मैंने जहाज़ बनाए और अपनी मंज़िल तक पहुंचने**
**के लिए तरंगों पर काबू पाया।**

कहना न होगा कि यह एक स्वाभिमानी शायर की खुली चुनौती है, बेकाबू कुदरत को। यह आकस्मिक नहीं है कि अल्लाह को चुनौती देने वाले इस आज़ाद तबीयत शायर ने उस जमाने की अंग्रेजी सरकार को भी चुनौती दी थी और मुल्क की आज़ादी की भी शानदार कविताएं लिखीं। मुलाहिज़ा फ़रमाएं –

**वो चीज़ नाम है जिसका जहां में आज़ादी।**
**सुनी ज़रूर है, देखी कहीं नहीं मैंने।।**
**ख़ुदा तो मिलता है, इन्सान ही नहीं मिलता।**
**य' चीज़ वह है कि देखी कहीं नहीं मैंने।।**

इन कविताओं के अलावा इक़बाल जिस तराने के लिए सारे हिन्दुस्तान में जाने जाते हैं उसे पूरा–का–पूरा न सही तो उसके कुछ शेर तो नमूने के लिए पेश करने ही पड़ेंगे, क्योंकि एक ज़माने में वह हर एक हिन्दुस्तानी की ज़बान पर होता था।

**सारे जहां से अच्छा, हिन्दोस्तां हमारा।**
**हम बुलबुलें हैं इसकी, यह गुलसितां हमारा।।**
**गुरबत में हों अगर हम, रहता है दिल वतन में।**
**समझो वहीं हमें भी, दिल हो जहां हमारा ।।**
**पर्वत वो सबसे ऊंचा, हमसाया आसमां का।**
**वह सन्तरी हमारा, वह पासवाँ हमारा।।**
**गोदी में खेलती हैं, इसकी हजारों नदियां।**
**गुलशन हैं जिनके दम से, रश्के जिनाँ हमारा।।**
**मज़हब नहीं सिखाता, आपस में बैर रखना।**
**हिंदी हैं हम, वतन है हिन्दोस्तां हमारा।।**

Iqbal who loved his country whole heartedly had earned the right to a poem like it:

*Aa, gairiyat ke parede ek bar phir utha dein*
*Bicchudon ko phir ek bar mila dein, nakshe-dui mita dein.*
*Sooni padi hui hai, muddat se dil ki basti*
*Aa ek naya shivala, is desh mein bana dein.*
*Har subah uthake gayen, mantar vo meethe meethe*
*Sare pujariyon ko, may preeti ki pila dein.*
*Shakti bhi, shanty bhi bhakto ke geet mein hai*
*Dharati ke vasiyon ki mukti pireet mein hai.*

This tradition had begun in Hindi in and around the $16^{th}$ century. Tulsidas's Ramacharitmanasa is one of the best manifestations of this spirit. Among the most touching and meaningful incidents is known as the 'Chitrakut Sabha'. According to Ramchandra Shukla, the most distinguished Hindi critic, it is a spiritual event, and it was possible only for the comprehensive and inclusive soul of Tulsidas to arrange, combine and present so many sublime psychic states of mind and forms of dharma i.e., the righteous conduct. This has been made possible by including people from different classes of society. The seriousness of righteous conduct and subscription to it by royalty and subject, teacher and pupil, brother and brother, mother and son, father and daughter, father-in-law and son-in-law, mother-in-law and daughter-in-law, kshatriya and brahmin, brahmin and shudra civilsed and otherwise have been interestingly explored in the incident. Be it citizens, people from rural areas and inhabitants, all were beholden to the incident. If one wishes to see the picture of Indian culture and courtesy, one needs to visit this scene.

अपने मुल्क को दिल से प्यार करने वाले इक़बाल को ही यह नज़्म भी लिखने का हक हासिल था –

**आ, ग़ैरियत के परदे इक बार फिर उठा दें।**
**बिछुड़ों को फिर मिला दें, नक्शे–दुई मिटा दें।।**
**सूनी पड़ी हुई है, मुद्दत से दिल की बस्ती।**
**आ इक नया शिवाला, इस देश में बना दें।।**
**हर सुबह उठके गाएं, मन्तर वह मीठे–मीठे।**
**सारे पुजारियों को, मै प्रीत की पिला दें।।**
**शक्ती भी, शान्ती भी भक्तों के गीत में है।**
**धरती के वासियों की मुक्ति पिरीत में है।**

हिंदी में इस परम्परा की शुरूआत लगभग 16वीं सदी में हो चुकी थी, जिसकी सबसे महत्वपूर्ण काव्यकृति 'रामचरित मानस' है और इसके रचनाकार हैं महाकवि तुलसीदास। 'मानस' का सबसे मार्मिक प्रसंग है 'चित्रकूट सभा'। हिंदी के सबसे बड़े समालोचक आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के शब्दों में यह सभा एक 'आध्यात्मिक घटना' है। आचार्य शुक्ल के ही शब्दों में 'धर्म के इतने स्वरूपों की एक साथ योजना, हृदय की इतनी उदात्त वृत्तियों की एक साथ उद्भावना तुलसी के ही विशाल 'मानस' में संभव थी। यह सम्भावना उस समाज के भीतर बहुत से भिन्न–भिन्न वर्गों के समावेश द्वारा संघटित की गई है। राजा और प्रजा, गुरू और शिष्य, भाई और भाई, माता और पुत्र, पिता और पुत्री, श्वसुर और जामातृ, सास और बहू, क्षत्रिय और ब्राह्मण, ब्राह्मण और शूद्र, सभ्य और असभ्य के परस्पर व्यवहारों का उपस्थित प्रसंग के धर्मगांभीर्य और भावोत्कर्ष के कारण, अत्यंत मनोहर रूप प्रस्फुटित हुआ। धर्म के उस स्वरूप को देखकर सब मोहित हो गए – क्या नागरिक, क्या ग्रामीण और क्या जंगली। भारतीय शिष्टता और सभ्यता का चित्र यदि देखना हो तो इस राज–समाज को देखिए।'

This 'sabha' [assembly] is an emotionally touching scene and an evidence of Tulsidas's poetic craft. His description of Bharata substantiates it. The poet's words bear witness to it. Bharata's language is so unique that it cannot expresses: words are easy to understand, though depthless, and meaning is limitless though the words are few:

*Sugam agam mradu manju kathore,*
*Arthu amit ati akhar thore.*
*Jyon mukhu mukur mukur nij pani,*
*Gahi na jai as adbhut bani.*

This poetic statement is equally applicable to the language of Tulsidas. This unprecedented restrain of language makes him the greatest poet of Hindi.

Tulsidas imagined the concept of 'Ramarajya' in "Uttarkand" of the Ramacharitmanas. It is his Utopia. But a great poet is one who along with stating his ideals voices expresses his views pertaining to reality of the age. Tulsidas's commitment for and consciousness of reality may be discerned in the following lines :-

*'Kisabi, kisan-kul, banik, bhikahari, bhat,*
*Chakar, chapel nat, chor, char, chetaki.*
*Pet ko padat, gun gadat, chadat giri,*
*Atat gahan-ban ahan akhetki.*
*Oonche niche karam, dharam-adharam kari,*
*Pet hi ko pachat, bechat beta betki.*
*'Tulsi' bujhai ek Rama Ghanshyam hi tain,,*
*Agi badvagi tain badi hai agi pet ki.'*

Through his Ramacharitmanas, Tulasi had presented his Utopia, and ideal to the society. However, there was no 'Ramarajya' in his own age. He

इसमें तनिक भी संदेह नहीं कि तुलसीदास के 'रामचरित मानस' में चित्रकूट सभा का प्रसंग सबसे मार्मिक है और उसमें भी भरत के निवेदन में तुलसीदास का कवित्व सर्वोच्च है। प्रमाण है स्वयं तुलसीदास की यह टिप्पणी –

**सुगम अगम मृदु मंजु कठोरे।**
**अरथु अमित अति आखर थोरे।।**
**ज्यों मुखु मुकुर मुकुर निज पानी।**
**गहि न जाइ अस अदभुत बानी।।**

यह उक्ति स्वयं तुलसीदास की अपनी भाषा पर भी लागू होती है। कहना न होगा कि भाषा पर इसी असाधारण अधिकार के लिए तुलसीदास हिंदी के सबसे बड़े कवि माने जाते हैं।

तुलसीदास ने रामचरितमानस के उत्तरकांड में रामराज्य की परिकल्पना भी की है। यह एक महान कवि का स्वप्नलोक है। लेकिन बड़ा कवि वह है जो आदर्श के साथ–साथ अपने समय के यथार्थ को भी बयां करता है। यथार्थ के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और सजगता 'कवितावली' की इन पंक्तियों में देखते ही बनती है :–

**'किसबी, किसान–कुल, बनिक, भिखारी, भाट,**
**चाकर, चपल नट, चोर, चार, चेटकी ।**
**पेट को पढ़त, गुन गढ़त, चढ़त गिरि,**
**अटत गहन–बन अहन अखेटकी ।**
**उँचे–नीचे करम, धरम–अधरम करि,**
**पेट ही को पचत, बेचत बेटा–बेटकी ।**
**'तुलसी' बुझाइ एक राम घनश्याम ही तें,**
**आगि बड़वागि तें बड़ी है आगि पेट की।।'**

तुलसीदास ने रामचरित मानस के माध्यम से अपना आदर्श, अपना 'यूटोपिया' समाज के सामने प्रस्तुत किया था। किन्तु उनके समय में सब कुछ रामराज्य नहीं था। अकबर के तथाकथित स्वर्ण युग के बरक्स अपने युग की पीड़ा और दर्द से

saw anarchy in his own age, and did not hesitate to depict the truth of his age and the pain and sorrow of the age of the so-called golden age of Indian history in the reign of Akbar:

*Kheti na kisan ko, bhikahari ko na bhikh bali*
*Banik ko banij, na chakar ko chakari.*
*Jivikabihin log, sidyaman soch bas,*
*Kahein ek ekan so, kahan jaee ka kari?*
*Bedhu puran kahi, lokahu bilokiat,*
*Sankare sabai pai, Rama! Ravare kripa kari.*
*Darid-Dashnana dabai duni, Deenbandhu!*
*Durit duhin dekhi Tulsi hahaa kari.*

It was Tulsi's intellectual and literary honesty that he saw, and faced the reality of his age and expressed it. Needless to state it here that the words of Tulsi are as relevant today, as they were then.

After Tulsi, Suryakant Tripathi 'Nirala' is indispensible, not because he authored a long poem on Tulsidas but wrote an immortal poetic work like Ram ki Shakti Pooja and earned the sobriquet 'Second Tulsidas'. Let us have a divine glimpse of Ratnavali:

*Dekha, Sharada neel vasana*
*Hain sammukha swyam srashti-rasana*
*Jeevan-sameer- shuchi-nihswashna, vardatri,*
*Veena vah swayam suvadit swar*
*Phuti tar amratakshar-niejhar,*
*Yeh vishwa hansa, hain charan sughar jis par shree!*

It is so well articulated in unique poetic language that it is almost impossible for me to present it in prose. But equally, if not more, significant is a portrait of Tulsidas, like his rebirth after a transcendental experience:

भरे अपने समाज का सच सामने रखने से भी वे नहीं चूकते। कवितावली में तुलसीदास ने अपने समय की गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी और आर्थिक बदहाली का हृदयद्रावक चित्रण किया है –

**खेती न किसान को, भिखारी को न भीख, बलि,**
**बनिक को बनिज, न चाकर को चाकरी।**
**जीविका बिहीन लोग, सीद्यमान सोच बस,**
**कहैं एक एकन सों, कहां जाई, का करी?**
**बेदहू पुरान कही, लोकहू बिलोकिअत,**
**सांकरे सबै पै, राम ! रावरे कृपा करी।**
**दारिद–दसानन दबाई दुनी, दीनबन्धु!**
**दुरित–दहन देखि तुलसी हहा करी।।**

दरअस्ल तुलसीदास की यह बौद्धिक और साहित्यिक ईमानदारी थी कि उन्होंने कवितावली में अपने समय के यथार्थ से टकराते हुए उसे अपनी रचना का विषय बनाया। कहना न होगा कि ये पंक्तियाँ आज के समय में भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी कि तब थीं।

तुलसीदास के बाद 'निराला' की चर्चा अपरिहार्य है, सिर्फ इसलिए नहीं कि उन्होंने तुलसीदास पर एक खंडकाव्य लिखा, बल्कि 'राम की शक्ति पूजा ' जैसी अमर काव्यकृति की रचना करके वे हिंदी में ''द्वितीय तुलसीदास'' कहलाने के अधिकारी हो गये।

पहले एक दिव्य छवि रत्नावली की –

**देखा, शारदा की नील वसना**
**हैं सम्मुख स्वयं सृष्टि–रशना**
**जीवन–समीर–शुचि–निःश्वसना, वरदात्री,**
**वीणा वह स्वयं सुवादित स्वर**
**फूटी तर अमृताक्षर–निर्झर,**
**यह विश्व हंस, हैं चरण सुघर जिस पर श्री !**

Desh kal ke shar se bindhkar
Yeh jaga kavi ashesh-chhavidhar
Iska swar bhar Bharati mukhar hoyengi,
Nishchetan nij tan mila vikal,
Chhalka shat shat kalmash ke chhal
Behati jo, ve ragini sakal soyengi.

Along with such a singular poetic achievement, he composed poems like 'Juhi ki Kali', 'Kukurmutta' and 'Garam Pakaudi'. Also he created living pictures of people from common life like 'Kulli Bhat' and 'Billesur Bakariha'. Apart from creating characters related to them Nirala in Ram ki Shakti Pooja, composed inimitable works by taking life force from lives of common people. After Tulsidas in Hindi literature it is Nirala who created literature of people with so many layers of language in it.

After discussing great poets like Kalidasa in Sanskrit, Tulsidas in Hindi, Mohammad Iqbal in Urdu, and Nirala of Hindi let me turn towards some of those precursors of Indian and world literature who gave a new direction to society and shaped their age with their works. When we think of Hindi fictional world, one remembers Munshi Premchand. Most of his famous short stories like 'Sadgati', 'Doodh ka Dam', 'Poos ki Rat', 'Thakur ka Kuwan' and 'Kafan' are set in rural background. With his writings, farmers and village became central in Hindi literature. On the basis of rich repertoire of this experience, Phanishwarnath Renu, Rahi Massom Raza, Srilal Shukla and the succeeding writers carved niche for themselves. On the basis of this literary heritage, I feel tempted to state that only that fictional work which will be written around lives of farmers in the fast eroding culture of villages and

निराला की इस सुगठित शब्द–रचना को गद्य में प्रस्तुत करना भी लोहे के चने चबाना है, जो मेरे लिए फिलहाल संभव नहीं है।

इस चित्र से भी महत्वपूर्ण है एक अतीन्द्रिय अनुभूति के बाद स्वयं तुलसीदास का पुनर्जन्म जैसा भाव–चित्र –

**देश–काल के शर से बिंधकर**
**यह जागा कवि अशेष– छविधर**
**इसका स्वर भर भारती मुखर होएंगी,**
**निश्चेतन निज तन मिला विकल,**
**छलका शत–शत कल्मष के छल**
**बहती जो, वे रागिनी सकल सोएँगी ।**

महाकवि की इस अतीन्द्रिय अनुभूति को फिलहाल सरल शब्दों में बोधगम्य बनाना कम से कम मेरे लिए तो संभव नहीं है।

वैसे, 'जुही की कली' के कवि निराला ने 'कुकुरमुत्ता' जैसी कविता भी लिखी है और 'गरम पकौड़ी' भी। कविता के अतिरिक्त निराला 'कुल्ली भाट' और 'बिल्लेसुर बकरिहा' जैसे जन–जीवन के जीते–जागते चरित्रों के भी जनक हैं। जन–जीवन से जुड़े हुए चरित्रों पर कलम चलाते हुए 'राम की शक्ति पूजा' के सर्जक निराला ठेठ लोक बोली से शक्ति ग्रहण कर जन साहित्य की अनूठी रचना करते हैं। हिंदी में तुलसीदास के बाद निराला ही हैं जिनके साहित्य में भाषा के इतने स्तरों के नमूने मिलते हैं।

संस्कृत के कालिदास, उर्दू के मोहम्मद इक़बाल तथा हिंदी के तुलसीदास एवं निराला जैसे महान कवियों के साथ यहां भारतीय एवं विश्व कथा साहित्य के उन पुरोधाओं की चर्चा करना भी समीचीन होगा जिन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से अपने समय और समाज को दिशा दी। हिंदी कथा साहित्य की बात करें तो बिना किसी संकोच के हमें सर्वप्रथम

farmers forced to commit suicide in the age of globalization will attain relevance.

Amongst so many great authors in the world of literature there is one author who is dear to me because he appears like ‘my own’ is Maxim Gorki, the Russian fiction writer. Though he is known for his novel ‘Mother’ but in the present context I am reminded of his long story which has been translated in Hindi as ‘Budhiya Izergil’. Izergil, the narrator of the story gives us a glimpse of Danko, the Super hero.

The story, based on a Russian folktale, is associated with blue sparks emanating from Steppe. To pacify the curiosity of people, Izergil tells them that they are emanating from the heart of burning heart of Danko who laid down his life for removing the lack of faith of his people in them.

